# नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर

क्रमांक 316 /स्था. ।।/विज्ञापन/2026 दिनांक 14 /01/2026

## विज्ञापन

विश्वविद्यालय अंतर्गत एनिमल हस्बेंड्री डिप्लोमा महाविद्यालयों जबलपुर, महू, रीवा, मुरैना एवं भोपाल में गैर शैक्षणिक संवर्ग के पदों पर संविदा आधार पर भर्ती हेतु विज्ञापन जारी किया जा रहा है। संबंधित पदों हेतु शैक्षणिक अर्हता तथा श्रेणीवार पदों की संख्या निम्नानुसार है -

पाठ्यक्रम - पत्रोपाधि पाठ्यक्रम (स्ववित्तीय)
महाविद्यालय का नाम - एनिमल हस्बेंड्री डिप्लोमा महाविद्यालय जबलपुर, महू, रीवा, मुरैना एवं भोपाल

| क्र. | पदनाम | पदों की संख्या | पदों का वर्गीकरण | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | सामान्य | अ.ज.जा. | अ.जा. | अ.पि.व. | E.W.S. |
| 1. | लेखापाल | 5 | 2 | 1 | 1 | 1 | 0 |
| 2. | कम्प्यूटर ऑपरेटर/लिपिक | 10 | 3 | 2 | 2 | 2 | 1 |
| 3. | प्रयोगशाला तकनीशियन | 5 | 2 | 1 | 1 | 1 | 0 |
| 4. | प्रयोगशाला परिचारक | 5 | 2 | 1 | 1 | 1 | 0 |
| 5. | भृत्य/चौकीदार | 15 | 5 | 3 | 2 | 4 | 1 |

शैक्षणिक अर्हता

| स.क्र. | पदनाम | शैक्षणिक अर्हता |
|---|---|---|
| 1. | लेखापाल | 1. वाणिज्य विषय से स्नातक<br>2. मान्यता प्राप्त संस्थान से कम्प्यूटर एप्लिकेशन में प्रमाणपत्र/डिप्लोमा। |
| 2. | कम्प्यूटर ऑपरेटर/लिपिक | 1. हायर सेकेंडरी परीक्षा उत्तीर्ण।<br>2. मान्यता प्राप्त संस्थान से कम्प्यूटर एप्लिकेशन में प्रमाणपत्र/डिप्लोमा।<br>3. मेप आई.टी. द्वारा जारी सी.पी.सी.टी. वैध प्रमाण-पत्र अनिवार्य है। |
| 3. | प्रयोगशाला तकनीशियन | 1. हायर सेकेण्डरी 10+2 पद्धति से विज्ञान समूह में द्वितीय श्रेणी में (50 प्रतिशत अंकों के साथ) उत्तीर्ण<br>2. विज्ञान समूह स्नातक उपाधि |
| 4. | प्रयोगशाला परिचारक | 1. हायर सेकेण्डरी 10+2 पद्धति से विज्ञान समूह में उत्तीर्ण |
| 5. | भृत्य/चौकीदार | 1. आठवीं कक्षा उत्तीर्ण |

**संविदा आधार पर वेतन** -संविदा आधार पर नियुक्ति की स्थिति में पद के अनुसारविश्वविद्यालय द्वारा नियत/निर्धारितमासिक मूल वेतन इस प्रकार है -

| स.क्र. | पदनाम | मूल वेतन प्रतिमाह | वेतनवृद्धि |
|---|---|---|---|
| 1. | लेखापाल | 28,700/- | AICPIN (उपभोक्ता मूल्य सूचकांक) के आधार पर |
| 2. | कम्प्यूटर ऑपरेटर/लिपिक | 19,500/- | |
| 3. | प्रयोगशाला तकनीशियन | 25,300/- | |
| 4. | प्रयोगशाला परिचारक | 18,000/- | |
| 5. | भृत्य | 15,500/- | |

नोट - आवेदन पत्र, योग्यता, अनुभव व शर्तों से संबंधित विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.ndvsu.org पर उपलब्ध है, जिसे प्राप्त कर उपयोग किया जा सकता है। आवेदक विज्ञापित पद हेतु आवेदन पत्र में वांछित जानकारी एवं दस्तावेजों की छायाप्रति संलग्न करें तथा आवेदन शुल्क रू. 800/- (अनारक्षित व अन्य पिछड़ा वर्ग) तथा रू. 400/- (अ.जा./अ.ज.जा.) बैंक ड्राफ्ट के रूप में जो **'Nanaji Deshmukh Pashu Chikitsa Vigyan Vish ASST REG (GEN)'** के नाम पर देय हो, सहित कुलसचिव कार्यालय, नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालयप्रशासनिक भवन, लाइव स्टॉक फार्म, आधारताल, जबलपुर 482004 (म.प्र.) में दिनांक 04/02/2026 को प्रात: 11.00 बजे तक जमा करें।

**नियम एवं शर्तें –**

1. आवेदक का मध्यप्रदेश का मूल निवासी होना अनिवार्य है।
2. निर्धारित तिथि एवं समय पश्चात प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जावेगा एवं न ही इस संबंध में कोई पत्राचार किया जावेगा। डाक से प्राप्त हुए आवेदन पत्रों के विलंब के लिए विश्वविद्यालय उत्तरदायी नहीं होगा।
3. साक्षात्कार के समय सभी प्रमाण पत्र की मूल प्रतियां लाना अनिवार्य है। साथ ही सभी प्रमाण पत्रों की दो स्व-सत्यापित छायाप्रति लाना भी आवश्यक है।
4. आवेदन पत्र के साथ संलग्न समस्त प्रमाण पत्र सक्षम अधिकारी अथवा स्व-सत्यापित करना अनिवार्य है।
5. आवेदक की न्यूनतम आयु 18 वर्ष एवं अधिकतम आयु 45 वर्ष, (आयु संबंधी सभी छूट मध्यप्रदेश शासन के नियमानुसार होगी)
6. आवेदक का मध्यप्रदेश के किसी भी रोजगार कार्यालय में जीवित पंजीयन होना अनिवार्य है।
7. आवेदकों को सभी अर्हताएं आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक धारित करना अनिवार्य है।
8. आवेदनकर्ता किसी शासकीय संस्था/निगम/मंडल में कार्यरत है तो उसे आवेदन प्रस्तुत करने की सूचना कार्यलय प्रमुख से जारी अनापत्ति प्रमाण संलग्न करना अनिवार्य है। अथवा आवेदन कार्यालय प्रमुख के माध्यम से प्रेषित किया जाना चाहिए।
9. भर्ती प्रक्रिया में किसी भी प्रकार के संशोधन एवं अन्य कार्यवाही का विवरण विश्वविद्यालय की वेबसाईट https://www.ndvsu.orgपर ही प्रकाशित किया जावेगा। इसकी सूचना पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं की जाएगी।
10. आवेदन प्रेषित करते समय लिफाफे पर स्पष्ट रूप से कार्यालय का पता एवं जिस पद के लिए आवेदन कर रहे हों, लिखा जाना अनिवार्य है।
11. आवेदक द्वारा यदि किसी भी प्रकार की असत्य/भ्रामक/मिथ्या जानकारी अथवा दस्तावेज प्रस्तुत किये जाते हैं अथवा किसी भी कारण से नियम विरूद्ध नियुक्ति प्राप्त कर ली जाती है तो नियुक्तिकर्ता प्राधिकारी द्वारा बिना किसी पूर्व सूचना के किसी भी समय नियुक्ति. निरस्त कर दी जावेगी।
12. यदि आवेदक द्वारा एक से अधिक पदों पर आवदेन किया जाता है, तो पृथक-पृथक आवेदन प्रेषित किया जाना चाहिए तथा पृथक-पृथक आवेदन शुल्क जमा किया जावे।
13. नियुक्ति संबंधी समस्त अधिकार विश्वविद्यालय के पास सुरक्षित रहेगें।
14. किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायालय क्षेत्राधिकार माननीय उच्च न्यायालय, जबलपुर रहेगा।
15. विश्वविद्यालय अंतर्गत एनिमल हस्बेंड्री डिप्लोमा महाविद्यालयो में पूर्व से कार्यरत कर्मचारियों को शासन आदेश के परिपालन में प्राथमिकता दी जावेगी।

कुलसचिव

**नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर**
**प्रशासनिक भवन, लाइव स्टॉक फार्म, आधारताल, जबलपुर, 482004 (म.प्र.)**

<u>एनिमल हस्बेंड्री डिप्लोमा महाविद्यालयों में संविदा आधार पर भर्ती हेतु आवेदन पत्र प्रारूप</u>

आवेदन शुल्क का विवरण -

नवीन छायाचित्र यहां लगायें

बैंक ड्राफ्ट क्र. - .....................................

राशि रू. - .....................................

दिनांक - .....................................

प्रति,

..........................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

.......................................................पद के लिये आवेदन पत्र (आवेदित पत्र का नाम)

| | | |
|---|---|---|
| 1. | आवेदक/आवेदिका का नाम (हिन्दी में) | |
| 2. | आवेदक/आवेदिका का नाम (अंग्रेजी के बड़े/कैपिटल अक्षरों में) | |
| 3. | लिंग – पुरूष/महिला/अन्य | |
| 4. | पिता/पति का नाम<br>माता का नाम | |
| 5. | वर्तमान निवास का पूर्ण पता पिन कोड सहित | |
| 6. | स्थाई निवास का पूर्ण पता | |
| 7. | मोबाईल नं.<br><br>व्हाटस एप्प नं.<br><br>ई मेल आई.डी. | |
| 8. | जन्मतिथि (अंकों में) (हाईस्कूल/हायर सेकेण्डरी प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित प्रति संलग्न करें) | |
| 9. | जन्मतिथि (शब्दों में) | |

| | | |
|---|---|---|
| 10. | आयु | वर्ष..............माह....................दिन........... |
| 11. | क्या आवेदक मध्यप्रदेश का मूल निवासी है हां या नहीं (यदि हां तो मूल निवास प्रमाण-पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें | |
| 12. | जन्म स्थान (ग्राम, शहर, जिला, राज्य का नाम लिखें) | |
| 13. | क्या आवेदक मध्यप्रदेश शासन द्वारा मध्यप्रदेश के लिए घोषित एवं मान्य अनुसूचित जाति/जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग का सदस्य है यदि हां तो जाति व उपजाति का उल्लेख करें<br>(सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी डिजिटल वैध स्थायी जाति प्रमाण-पत्र की स्व-प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें। अस्थायी जाति प्रमाण पत्र मान्य नहीं होगा) | |
| 14. | रोजगार कार्यालय का नाम, पंजीयन क्रमांक व दिनांक | |
| 15. | वैवाहिक स्थिति –<br>क. क्या आप विवाहित हैं – हां/नहीं<br>ख. यदि हां तो विवाह की तिथि<br>ग. विवाह के समय आयु<br>घ. जीवित बच्चों की संख्या<br>ङ. अंतिम बच्चे का जन्म दिनांक<br>च. 26 जनवरी 2001 के बाद जन्में बच्चों की संख्या | |
| 16. | शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था/कार्यालयों में कार्यरत आवेदनकर्ता, शासकीय/अर्द्धशासकीय सेवा अवधि का पूर्ण विवरण प्रमाण-पत्र सहित संलग्नकरें। यदि आवेदक शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था/निगम/मंडल में कार्यरत है तो उसका नाम एवं पता<br>(अ) वर्तमान धारित पद का नाम<br>(आ) वर्तमान पद का वेतनमान | |
| 17. | 1. क्या आवेदक को किसी आपराधिक मामले में न्यायालय द्वारा दंडित किया गया है हां/नहीं<br>यहद हां तो पूर्ण विवरण अंकित करते हुये न्यायालय के आदेश की प्रति संलग्न करें।<br>2. क्या आवेदक को महिलाओं के विरूद्ध न्यायालय द्वारा किसी अपराध का सिद्ध दोषी ठहराया गया है हां/नहीं<br>यदि हा तो पूर्ण विवरण अंकित करते हुये न्यायालय के आदेश की प्रति संलग्न करें। | |

18\. शैक्षणिक योग्यता की जानकारी (अंकसूचियों, प्रमाण पत्रों एवं डिग्री की स्व प्रमाणित छायाप्रतियां संलग्न करें)

| क्र. | उत्तीण परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण होने का वर्ष | बोर्ड/विश्वविद्यालय का नाम | विषय | पूर्णांक/प्राप्तांक | प्राप्तांकों का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

| | | |
|---|---|---|
| 19. | कम्प्यूटर डिप्लोमा उत्तीर्ण है - हां/नहीं<br>यदि हां तो प्रमाण-पत्र संलग्न करें | |
| 20. | सी.पी.सी.टी. स्कोर कार्ड में कम्प्यूटर दक्षता और हिन्दी टायपिंग उत्तीण है - हां/नहीं<br>यदि हां तो प्रमाण-पत्र संलग्न करें | |

स्थान ........................................

दिनांक .......................................

आवेदक/आवेदिका के हस्ताक्षर
एवं पूरा नाम

## स्व घोषणा

मैं .................................................... पुत्र/पुत्री ...................................................... उम्र .......... वर्ष ............... निवासी ................................ जिला ................................ मध्यप्रदेश एतद् द्वारा घोषणा करता/करती हूं कि मेरे द्वारा दी गई उपरोक्त समस्त जानकारी मेरे ज्ञान एवं विश्वास के अनुसार पूर्णत: सत्य है। मेरे द्वारा इसमें कोई भी तथ्य छिपाया नहीं गया है। मुझे यह संज्ञान है कि मेरे द्वारा किसी भी प्रकार की असत्य अथवा भ्रामक जानकारी दिए जाने की स्थिति पर मेरे विरूद्ध आपराधिक दण्डात्मक कार्यवाही की जा सकती है। साथ ही आवेदित पद पर मेरा चयन एवं चयन पश्चात मेरी नियुक्ति निरस्त की जा सकती है। साथ ही मुझे प्राप्त समस्त लाभ वापस लिए जा सकते हैं।

स्थान ........................................

दिनांक .......................................

आवेदक/आवेदिका के हस्ताक्षर
एवं पूरा नाम